प्रेस विज्ञप्ति

आचार्य श्री महाप्रज्ञ चातुर्मास व्यवस्था समिति

सरदारशहर – 331 403

ज्ञानयज्ञ से होती है भगवत भक्ति : युवाचार्य महाश्रमण

सरदारशहर 7 मई।

युवाचार्य महाश्रमण ने कहा कि ज्ञानयज्ञ करने से भगवत भक्ति होती है, चित्त समाधि मिलती है। ज्ञान प्राप्त करने से एकाग्रचित होता है, स्वयं सन्मार्ग में स्थित होता है और दूसरों को भी सन्मार्ग में स्थित करता है।

उक्त विचार युवाचार्यश्री महाश्रमण ने श्रीसमवसरण में गीता एवं उत्तराध्ययन पर तुलनात्मक प्रवचन करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि स्वाध्याय सबसे बड़ा तप है। स्वाध्याय से ज्ञान की प्राप्ति होती है। गीता एवं उत्तराध्ययन का स्वाध्याय करने से सुन्दर पथ दर्शन प्राप्त होगा। दोनों ही ग्रंथों का सार है अनासक्ति का अभ्यास। राग–द्वैष कम हो जाये तो मानव जीवन की सार्थकता हो जाती है। राग–द्वैष के भाव आत्मस्थ रहने से च्यूत कर देते देते हैं। राग पर विराग का, मनोरंजन पर आत्मरंजन का, भोग पर योग का अंकुश होना चाहिए। राग के समान कोई दुःख नहीं है और त्याग के समान कोई सुख नहीं है। उन्होंने कहा कि ज्ञान की प्राप्ति के बाद आचरण शुद्ध बन जाये यह जरूरी है।

युवाचार्य महाश्रमण ने तेरापंथ के आद्य प्रवर्तक आचार्य भिक्षु के जीवन दर्शन पर जयाचार्य कृत भिक्षु जस रसायण आख्यान का वाचन भी किया। उड़िसा में चतुर्मास सम्पन्न कर गुरु दर्शन करने वाले मुनि भूपेन्द्रकुमार एवं मुनि चैतन्यकुमार ने अपनी उड़िसा यात्रा के अनुभव अभिव्यक्त किये। संचालन मुनि मोहजीत कुमार ने किया।

अक्षय तृतीया महोत्सव 16 मई को

सरदारशहर 7 मई।

तेरापंथ धर्मसंघ के दशम अधिशास्ता आचार्य महाप्रज्ञ, युवाचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में अक्षय तृतीया महोत्सव का आयोजन 16 मई को ताल मैदान में किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अशोक नाहटा ने बताया कि इस महोत्सव पर सम्पूर्ण देश से वर्षीतप करने वाले 100 भाई बहिनों के द्वारा पारणा किया जायेगा। 8.15 बजे प्रारंभ होने वाले इस महोत्सव की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही है। आचार्य महाप्रज्ञ युवाचार्य महाश्रमण श्री समवसरण से 8 बजे जुलूस के साथ पधारेंगे। उन्होंने बताया कि देश के कोने–कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की समुचित व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था में तेरापंथ महिला मण्डल को विशेष तौर पर दायित्व सौंपा गया है। महोत्सव में भारी भीड़ उमड़ने के मध्यनजर विशाल पंडाल का निर्माण ताल मैदान में किया जा रहा है।

शीतल बरड़िया

(मीडिया संयोजक)